# हिन्दी

(www.tiwariacademy.com)
(दूर्वा)(पाठ 3)(राजीव गर्ग – मैं हूँ रोबोट)
(कक्षा 7)

**प्रश्न 1:**

**पाठ संबंधी प्रश्न**

**क:**

तुममें और रोबोट में क्या–क्या अंतर है ?

**उत्तर क:**

हममें और रोबोट में यह अंतर है कि हमारे अंदर मस्तिष्क है जिसके द्वारा हम सही गलत के बारे में फैसला ले सकते हैं । लेकिन राबोट तो इंसान के द्वारा बनाया गया मशीनी मानव है उसे जो आदेश दिए जाते हैं वह केवल वही कर सकता है । हम काम करके थक सकते हैं पर रोबोट नहीं थकता ।

**ख:**

अगर तुम्हें रोबोट से कुछ काम करवाना हो तो क्या करोगे ?

**उत्तर ख:**

यदि हमें रोबोट से कुछ काम करवाना हो तो हम उसकी मैमोरी में उस काम के निर्देश डाल देंगे ओर वह उसके अनुसार काम करने लगेगा ।

**प्रश्न 2:**

सही मिलान करो

| | |
|---|---|
| **क** तुम्हारे शरीर में | चाँद पर पहुँचा है। |
| **ख** मनुष्य अपनी बुद्धि के बल से | शिराओं और धमनियों का जाल बिछा हुआ है। |
| **ग** रोबोट का मस्तिष्क | लोहा–इस्पात और प्लास्टिक का बना है। |
| **घ** रोबोट का शरीर | विषैले और विषम वातावरण में काम कर सकता है। |
| ड रोबोट | कंप्यूटर है। |

**प्रश्न 3:**

सोचो और जवाब दो

**क:**

अगर रोबोट की आँखें या हाथ न होते तो वह कौन–कौन से काम नहीं कर पाता ?

**उत्तर क:**

अगर रोबोट की ऑखें या हाथ न होते तो वह मशीनों के पुर्जे फिट नहीं कर पाता और गरम लोहे की छड़ें नहीं पकड़ पाता और ऑखें अर्थात कैमरे नहीं होते तो वह वस्तुओं की सटीक जानकारी नहीं पा सकता और निर्देशों का सही से पालन नहीं कर पाता ।

**खः**
रोबोट ऐसे कौन–कौन से काम कर सकता है जो मनुष्य नहीं कर सकता ?

**उत्तर खः**
रोबोट सर्दी , गर्मी में एक जैसे काम करता है , वह बिना थके काम कर सकता है वह गर्म लोहे की छड़ को पकड़ सकता है । गहरे पानी में जाकर काम कर सकता है ।कहीं आग लगी हो तों वह वहॉ फंसे लोगों की सहायता कर सकता है । वह गहरे समुद्र में जाकर चीजें खोज कर ला सकता है ।

**गः**
रोबोट ऐसे कौन–कौन से काम नहीं कर सकता जो मनुष्य कर सकता है?

**उत्तर गः**
रोबोट अपने आप सोच नहीं सकता है , वह स्वयं खा नहीं सकता , वह फूल तोड़ सकता है मगर उसकी गंध नहीं बता सकता , वह अपनी सोच से किसी की मदद नहीं कर सकता ।वह किसी का सुख–दुख नहीं समझ सकता ।

**प्रश्न 6ः**
सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो

**कः**
मेरा शरीर हाड़–माँस का नहीं **बल्कि** लोहा–इस्पात और प्लास्टिक का बना है। ;बल्कि / या
**कः** बल्कि

**खः**
वेणु सातवीं कक्षा में पढ़ता है—————————उसकी बहन आठवीं कक्षा में पढ़ती है। ;और / फिर
**खः**
और

**गः**
पहले खाना खा लो ————————————पढ़ना। ;लेकिन / फिर
**गः**
फिर

**घः**
तुम्हें घूमना पसंद है ————————————खेलना ? ;किंतु / या
**घः**
या

ङ:
मैं तैरना चाहता हूँ ---------------मुझे तैरना नहीं आता। ;लेकिन/और
ङ:
लेकिन

च:
छाता लेकर जाओ -------------भीग जाओगे। ;फिर/वरना
च:
वरना